# सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं की हैं विशेष आस्था, एक सप्ताह लगता है मेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड-बिहार की सीमा पर हुसैनाबाद का दंगवार गांव है। इस गांव में सोन नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। यह मंदिर देश की आजादी से पहले का बताया जाता है। सूर्य मंदिर की स्थापना ग्रामीणों के सहयोग से सर्वप्रथम सूर्य मंदिर के बगल में की गई थी। इसके बाद यहां के पुजारी जीवनंदन दास के द्वारा पूजा कराया जाता रहा और आजादी के पूर्व चलीतर चौधरी के नेतृत्व में सूर्य मंदिर की नींव रखी गई। सूर्य मंदिर बन जाने के बाद इसमें दामोदर स्वर्णकार के द्वारा बनारस से सूर्य भगवान का मूर्ति लाकर स्थापित कराया गया। सूर्य भगवान का स्थापना हो जाने के बाद यहां पर सर्वप्रथम मकर संक्रांति मेला का प्रारंभ हुआ था। बाद में सन 1988 से छठ पूजा की शुरूआत की गई। धीरे-धीरे यहां का छठ पूजा की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैलती चली गई। मान्यता है कि इस सूर्य मंदिर में जो भी यहां सच्चे मन से आराधना पूजा करने आता है, उसकी मान्यता जरूर पूरी होती है। यहां झारखंड, बिहार व रोहतास क्षेत्र के लोग मेले में आकर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। इस मंदिर निर्माण में मुख्य रूप से दंगवार के रामदास मेहता, बुटन सिंह, मेघन सिंह, कन्हैया सिंह, बैरागी चौधरी, लखन साव,रामविलास चौधरी, लक्ष्मी साव आदि की सक्रिय भूमिका थी।

# खरना के साथ आस्था का महापर्व छठ व्रत पर निर्जला उपवास शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार से शुरू छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को व्रतधारी महिला पुरुषों ने खरना का पूजन विधि विधान से किया। आम की लकड़ी के जलावन से बनी खीर पूड़ी भगवान सूर्यदेव को अर्पित कर व्रतधारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष रुप से हिन्दू समुदाय का यह चार दिवसीय व्रत सूर्यदेव की माता छठी मैया के प्रति अटूट आस्था व्रतधारी समर्पित करते हैं। छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय - खाय की परंपरा से शुरू यह पर्व तीसरे गुरुवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य को व्रतधारी अर्घ्य देने के साथ ही घाटों पर पूजा



हवन करेंगे। वहीं चौथे दिन सप्तमी तिथि शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन करेंगे। दूसरे दिन खरना के दिन महिलाएं नये मिट्टी के चूल्हे पर खीर पूड़ी बनाने के बाद उसे भगवान सूर्यदेव को भोग लगाने के बाद ही प्रसाद के रुप में व्रतियों को ग्रहण करने की परंपरा रही है। इसके बाद इनका व्रत समापन तक निर्जला व कठोर उपवास शुरू हो जाता है। विद्वान ज्योतिषाचार्य व पुरोहित पंडित कुंडल तिवारी के अनुसार गुरुवार की संध्या 5. 29 बजे से डूबते सूर्यदेव को व्रतधारियों को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देने का समय शुरू होगा। जबकि शुक्रवार की सुबह 6. 37 बजे के बाद व्रतधारी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर इस पर्व का समापन करेंगे। उन्होंने इस कठोर व्रत पर सभी व्रतधारी को अदम्य साहस और सहनशक्ति देने की प्रार्थना भगवान भास्कर से की है।

## न्यूज बॉक्स

### नवीन मेल के कैमरे में कैद हुई छठ घाट पर बेमिसाल भक्ति की छटा















## एक नजर

### 11 को योगी आदित्यनाथ पांकी में

**पांकी।** प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में 11 नवंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन हो रहा है। इस दौरान वह चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कार्यक्रम से काफी संख्या में लोगों से भाग लेने की अपील की है।

### सीओ ने छठ घाटों का लिया जायजा

**छतरपुर।** सीओ उपेंद्र कुमार ने पर्व छठ को लेकर, मनदेया, विरसामुंडा घाट ,मसिहानी, बारा, सड़मा ,खाटिन,लोहराही आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर छठ घाटों का जायजा लिया। छठ घाट पर विभिन्न समितियों के सदस्यों से बातचीत कई निर्देश भी दिया।

# थाना परिसर में व्रतियों के बीच फलहार का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सूयोर्पासना व लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हुसैनाबाद थाना परिसर में व्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए छठ व्रतियों के बीच फल,नारियल, अगरबत्ती सहित अन्य पूजन सामग्रियां का वितरण किया। मौके पर थाना प्रभारी ने व्रतियों के बीच पूजा सामग्रियां का वितरण करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा की छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। इस मौके पर एसआई अनंत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मो. अली, चौकीदार सैयद मोहम्मद, अमित कुमार के अलावा पुलिस के जवान मौजूद थे।

# खरना के साथ छठ महापर्व का दूसरा दिन, 36 घंटे का निर्जला उपवास

**नवीन मेले संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर स्थानीय कोयल नदी के बीच बालू पर सहित कादलकुर्मी, शिलापर, भजनियां, कोल्हुआ, वीरधवर, गाजीबिहरा , रानीदेवा, बडीहा, पंसा के अलावा काशीसोत डैम व नदी में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। घाटों को सजाया संवारने का काम अंतिम चरण में है। सुदूरवर्ती पठारी माहुर गांव में इसकी तैयारी की जा रही है। इसे लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छठी मईया व सूर्य देव को समर्पित चार दिवसीय व्रत कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो गया है। दूसरे दिन बुधवार को घाटो पर पहुंचकर खरना स्नान की रस्म निभाई गई।बाद में खरना (खीर) प्रसाद बनाकर उसे छठघाट मईया को अर्पित करते हुए व्रतियों के ग्रहण करने के बाद आस पड़ोस और ईष्ट मित्रों में बांटा गया। मान्यतानुसार तीसरे दिन षष्ठी तिथि को निर्जला रहकर घाटों पर स्नान कर विधि पूर्वक पूजा अर्चना के बाद अस्ताचलगामी और चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन हो जाएगा। इससे पहले पूजा सामग्रियों और ईख आदि की खरीदारी को लेकर दैनिक बाजार प्रांगण में व्रतियों सहित उनके परिवार के सदस्यों की उमड़ पड़ी। चहूंओर छठ गीतों से वातावरण छठ मईया के प्रति भक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया है।

# खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला छठ महापर्व शुरू, छठ गीतों से गूंजने लगे क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार की शाम घरों में अरवा चावल, गुड़ व दूध मिश्रित खीर तथा रोटी पकाई गई। इसके बाद प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटों का निर्जला व्रत शुरू किया गया। व्रती महिला छठी मइया की पारंपरिक गीत गाती रही। इससे माहौल छठमय हो गया। सूर्यास्त के बाद भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना की गई और खीर, रोटी, केला आदि प्रसाद स्वरूप अर्पित किया गया। मंगलकामना की प्रार्थना के साथ व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया। खरना अनुष्ठान संपन्न होने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। पहले दिन नहाय-खाय जहां तन की स्वच्छता करता है, वहीं दूसरे दिन खरना में मन की स्वच्छता पर जोर दिया जाता है। इसके बाद छठ के मूल पर्व षष्ठी का पूजन होता है और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर उनका आह्वान किया जाता है। खरना के दिन तन-मन से शुद्ध होकर छठी मैया का प्रसाद बनाया गया। गुरुवार को अस्ताचलगामी और गुरुवार को उदीयमान भास्कर को अर्घ्य दिया जाएगा। इसी के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। महिलाओं ने 12 घंटे का उपवास रखा और शाम को छठी मइया की पूजा की। महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खरना व्रत के दिन व्रती महिलाओं ने पान व सुपारी हाथ में लेकर स्नान किया। व्रतियों ने स्नान ध्यान कर छठी मंइया की उपासना की। वहीं बाजारों में व्रत अनुष्ठान के लिए खरीदारी करने वालों की काफी भीड़ रही। सबसे अधिक भीड़ फल की दुकानों पर रही। नारियल समेत अन्य फलों की खरीदारी के साथ व्रत में प्रयोग होने वाले बांस से बने सूप और दउरा भी खरीदे गए। हुसैनाबाद मे पुलिस प्रशासन के द्वारा भीड़ भाड़ क्षेत्र में बैरेकेडिंग की व्यवस्था की गई थीं। ताकि छठव्रतियों को फलहारी खरीदने में कोई परेशानी न हो ।

# खरना से पूर्व सदाबह नदी में श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**हैदरनगर।** छठ महापर्व के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने सदाबह नदी स्थित हैदरनगर बाजार के मुख्य छठ घाट पर जाने के बाद अपने सुरक्षित स्थान को जगाया। उन्होंने नदी स्नान और अर्घ्य देने के बाद घाट की विधिवत पूजा अर्चना की। इनकी सेवा में तत्पर स्वयंसेवी संस्था विजेता क्लब और जगराता क्लब के युवाओं ने पंडाल स्थापित कर गंगा जल, आम की लकड़ी, दूध, घी सहित अन्य पूजन सामग्री मुहैया कराने को लेकर सक्रिय है। साथ ही उनकी किसी भी कमी को पूरा करने के लिए पंडाल से ही लगातार उद्घोषणा की जा रही है। क्लब की ओर बाजार क्षेत्र की सभी व्रती मार्ग के अतिरिक्त घाट की पूर्ण सफाई, पर्याप्त रोशनी, पानी की व्यवस्था की है।

# व्रतियों के बीच दूसरे दिन भी ट्रस्ट ने बांटी पूजन सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के छठ महापर्व के महाअभियान का दूसरा दिन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जैसा कि आप सभी जानते हैं, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 6 वर्षों से जरूरतमंद छठव्रतियों के बीच निःशुल्क साड़ी, नारियल, सेव, घी, अगरबत्ती, कपूर, सिंदूर, बिंदी और अन्य पूजन सामग्री का वितरण करता आ रहा है। इस वर्ष भी भरपूर मात्रा में पूजन सामग्री और नई साड़ियों का वितरण किया जा रहा है। कल घाट जाने वाली व्रतियों के दउरा में पूजन सामग्री डालकर इस महाअभियान का समापन किया गया। इस अभियान में ट्रस्ट की टीम के सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हैं ताकि यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट अपने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करता है जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो पा रहा है।

आज के इस अभियान में जूनियर जंक्शन स्कूल की डायरेक्टर रूपा सिंह, विवेक वर्मा, राखी सोनी, शुभम बिहारी, लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य सृजन, प्रदीप कुमार पासवान, रोहित कुमार, सुमन कुमारी और शर्मिला वर्मा मुख्य रूप से सक्रिय थे।

## हादसे में छठ की खुशी मातम में बदली

# सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के एक की मौत, दो बच्चे घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेहला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब संतोष साव (34 वर्ष) अपनी बेटी खुशी कुमारी (12 वर्ष) और भतीजा रोहित कुमार (15 वर्ष) के साथ अपने घर बनासो (किशुनपुर) से विश्रामपुर जा रहे थे। परिजनों के अनुसार, संतोष की पत्नी अपने मायके में छठ पर्व कर रही थी, और संतोष



घायल रोहित कुमार

बच्चों के साथ विश्रामपुर जा रहा था। यात्रा के दौरान शंखा गांव में करीब 11 बजे पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने संतोष के लूना वाहन को टक्कर मार दी। इस टक्कर में संतोष की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसकी बेटी और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तत्काल सहायता के लिए घायलों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने बच्चों का इलाज कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए रांची रेफर कर दिया है। वहीं, संतोष का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## परेशानी

## ठंड की कमी से राई की खेती पर संकट

# किसानों की मेहनत पर पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रबी सीजन की शुरूआत के साथ ही किसानों ने राई की खेती शुरू की है, लेकिन इस बार ठंड कम पड़ने से राई की फसल को नुकसान हो रहा है। झारखंड के पलामू क्षेत्र के किसान भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों के अनुसार, ठंड कम होने के कारण राई के पौधे धीमी गति से बढ़ रहे हैं और उनका विकास प्रभावित हो रहा है, जिससे पौधे सूखने भी लगे हैं। पिछले वर्ष नवंबर की शुरूआत में जिस तरह की ठंड थी, इस बार वह अब तक नहीं आई है, जिससे फसल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### ओस की कमी ने बढ़ाई चिंता

पलामू के चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा गांव के किसान विकास दुबे ने बताया कि उन्होंने एक महीने पहले राई की बुवाई की थी, लेकिन ठंड और ओस की कमी के चलते पौधों का विकास रुक गया है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में ओस गिरने से फसल को पर्याप्त नमी मिलती है, जिससे पौधों की अच्छी वृद्धि होती है। लेकिन ठंड कम होने से ओस नहीं गिर रही है, और खेतों में सिंचाई की जरूरत बढ़ गई है। इसके साथ ही महंगे खाद और कीटनाशकों का छिड़काव भी करना पड़ रहा है, फिर भी फसल में आशाजनक विकास नहीं हो रहा है। किसानों का कहना है कि छठ पर्व तक आमतौर पर ठंड पड़ने लगती थी, लेकिन इस साल ऐसा नहीं हो रहा, जिससे राई की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और उनकी मेहनत पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

# छठ महापर्व को लेकर जपला स्टेशन पर जन जागरूकता अभियान चलाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** छठ महापर्व को लेकर निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा जपला के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला के अधिकारियों व समाज सेवियों द्वारा जपला रेलवे स्टेशन पर भीड़ को देखते हुए अप व डाउन गाडियों में आने वाली छठ त्यौहारी भीड़ को जपला स्टेशन से सुरक्षित उतारते हुए स्टेशन से बाहर किया। और इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही अन्य संबंधित विभाग से समन्वय करते हुए गाड़ियों को जपला स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए सुरक्षित पास कराया गया। यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान के दौरान यात्रियों को जागरूक किया गया। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए रेल पटरी पार ना करें,



इसके लिए ऊपरी गामी पुल का इस्तेमाल करें, बिना किसी उचित कारण के चैन पुलिंग ना करें,चलती ट्रेन पर पत्थर ना मारे व पायदान पर खड़े होकर या बैठकर यात्रा न करें, किसी अनजान व्यक्ति से खाने पीने की वस्तुएं ना ले ,ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा न करें । बच्चे एवं पशु को रेलवे लाइन पर न जाने दे एवं रेलवे में यात्रा करने के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे के टोल फ्री नंबर 139 पर कॉल करने आदि के बारे में यात्रियों को जागरूक किया गया।

छठ महापर्व

# शहर में उमड़ा आस्था का सैलाब, कोयल नदी तट पर भक्तों की भक्ति की बेमिसाल छटा



## खरना की पूजा के बाद शुरू हुआ व्रतियों का निर्जला उपवास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में इस वर्ष लोक आस्था का महापर्व छठ बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं का हुजूम कोयल नदी और अमानत नदी के तटों पर उमड़ पड़ा, जहां हजारों की संख्या में लोगों ने एकत्र होकर सूर्य भगवान की आराधना की। छठ पर्व का महत्त्व इस बात में है कि इसे एक पवित्रता और प्रकृति से गहरे जुड़ाव का पर्व माना जाता है, जो जीवन में सादगी, संयम और आध्यात्मिक ऊर्जा लाता है। छठ पूजा की तैयारियां कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती हैं। इस पर्व की विशेषता है कि इसमें उपासना के लिए कोई आडंबर नहीं बल्कि सूर्य देव और छठी मैया की उपासना पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ की जाती है। व्रती महिलाएं और पुरुष, पूरे विधि-विधान से 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं और इस दौरान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की खुशहाली की कामना करते हैं। बुधवार शाम को पहले अर्घ्य का आयोजन हुआ, जिसमें कोयल नदी और अमानत नदी तट पर हजारों श्रद्धालुओं ने सूर्यास्त के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पूजा के लिए व्रती महिलाएं और पुरुष सिर पर प्रसाद के डाले लेकर नदी तटों की ओर पहुंचे। घाटों पर बने भव्य पंडाल, सजावट और दीपों की झिलमिलाहट से पूरे वातावरण में एक पवित्रता और दिव्यता का संचार हुआ। जैसे ही सूर्यास्त का समय निकट आया, लोगों ने नदी में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया और छठी मैया की आराधना की।



छठ व्रती खरना पूजा का प्रसाद बनाते।

## सूर्योपासना के महापर्व पर घाटों पर भक्तों की अद्वितीय श्रद्धा भक्ति



अर्घ्य देने के बाद व्रतियों और श्रद्धालुओं ने खीर, ठेकुआ और अन्य प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद को खास तौर पर घर में तैयार किया जाता है, जिसमें पूरी पवित्रता का ध्यान रखा जाता है। खीर, ठेकुआ और फल के साथ ही गन्ना और अन्य मौसमी फलों का भी प्रयोग किया जाता है, जो इस पर्व की सांस्कृतिक महत्ता को और भी बढ़ा देते हैं।

पूजा के दौरान स्थानीय प्रशासन ने भी खास इंतजाम किए थे। मेदिनीनगर के सभी घाटों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, ताकि लोग बिना किसी व्यवधान के पूजा कर सकें। साफ-सफाई के साथ ही चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं थीं, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। मेदिनीनगर



नगर निगम ने घाटों पर विशेष साफ- सफाई अभियान चलाया था, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, घाटों तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। छठ पूजा का महत्व सिर्फ धार्मिक नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता और सामुदायिक भावना का भी प्रतीक है। इस पर्व में सभी लोग मिल-जुलकर एक साथ सूर्य देव की उपासना करते हैं। मेदिनीनगर में इस बार छठ पूजा में स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से आए लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उत्सव के इस माहौल में हर कोई श्रद्धा और भक्ति में लीन दिखाई दिया।

छठ पर्व को लेकर मेदिनीनगर में लोगों में खास उत्साह देखा गया। शहर के बाजारों में पर्व के दौरान चहल-पहल बढ़ गई थी। पूजा सामग्री जैसे गन्ना, नारियल, ठेकुआ, सूप, बांस की टोकरियाँ और पूजा के अन्य सामान की दुकानें सजी रहीं। पूरे शहर में एक उल्लास का वातावरण था और लोग बड़ी संख्या में छठ पर्व की तैयारियों में जुटे रहे।

इस प्रकार, मेदिनीनगर के कोयल नदी और अमानत नदी तटों पर इस बार का छठ पर्व न केवल एक धार्मिक आयोजन था, बल्कि यह हमारी संस्कृति, एकता और प्रकृति के प्रति आस्था को दर्शाने का एक अनुपम उदाहरण भी था। सादगी, अनुशासन और पवित्रता से परिपूर्ण इस पर्व में भाग लेकर हर व्यक्ति ने अपने जीवन को एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता से भरने का प्रयास किया।

# छठ पर्व के लिए घर जाने की होड़ बसों और ट्रेनों में भारी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ पर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं, और लोग अपने-अपने घरों की ओर लौटने के लिए बेताब हैं। इस वजह से बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सैलाब उमड़ पड़ा है, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वहां किसी तरह की विशेष व्यवस्था नहीं की गई है।



यात्रियों को भीड़ के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे प्रबंधन की ओर से भीड़ प्रबंधन के संदर्भ में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। रेलवे अधिकारियों ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया है, जिससे यात्रियों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।

हालांकि, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान यात्रियों की मदद करते हुए जरूर देखे गए, लेकिन रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ के कारण उनकी यह सहायता भी सीमित प्रतीत हो रही है। कई यात्री प्लेटफॉर्म पर घंटों इंतजार कर रहे हैं, जबकि अन्य यात्री खचाखच भरी ट्रेनों में किसी तरह सवार होकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं।

बढ़ती भीड़ और व्यवस्था की कमी से यात्रियों को यात्रा के दौरान असुविधा और जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि त्योहारी सीजन में रेलवे प्रबंधन को विशेष व्यवस्था करनी चाहिए थी ताकि लोग बिना किसी परेशानी के अपने घर पहुंच सकें।

# छठ पर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम सभी छठ घाटों पर पुलिस बल तैनात

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व के दौरान किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने जानकारी दी कि पूरे शहर थाना क्षेत्र में, जिसमें छः मुहान चौक, सदीक मंजिल चौक, गिरवर स्कूल, बैरिया, जेलहाता, रेड़मा, और कोयल नदी छठ घाट, पम्पूकल छठ घाट सहित अन्य घाट शामिल हैं, सभी जगहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से शहर थाना पुलिस के साथ क्क्ष के लगभग 203 जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, टाइगर जवानों की नियमित गश्त जारी रहेगी ताकि बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। शहर थाना अंतर्गत सात प्रमुख छठ घाटों पर भी पुलिस बल की तैनाती की गई है।



थाना प्रभारी ने बताया कि इस वर्ष नदी और तालाबों का जलस्तर पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक है, जिसे देखते हुए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र भेजकर जलाशयों के किनारे गोताखोर तैनात करने का अनुरोध किया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

शहर में शिवाजी मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांति और सुव्यवस्था के साथ संपन्न हो सके।

# छठ पर्व के बाजारों में भारी भीड़, पुलिस की यातायात व्यवस्था से लोग असंतुष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बाजारों में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए उमड़ रहे हैं। इस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बाजार क्षेत्र की ओर जाने वाले मुख्य रास्तों को सील कर दिया है, जिससे बाइक और कार सवार लोग अपनी गाड़ियां बाजार के अंदर नहीं ले जा पा रहे हैं। उन्हें बाजार के बाहर ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ रही हैं, जिससे उन्हें पैदल ही भीड़भाड़ वाले रास्तों पर जाने में कठिनाई हो रही है।



हालांकि, इस व्यवस्था के बावजूद बाजार क्षेत्र के बाहर पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण लोग असुविधा का सामना कर रहे हैं। पार्किंग क्षेत्र के अभाव में लोग अपनी गाड़ियों को इधर-उधर खड़ा करने पर मजबूर हो रहे हैं, जिससे वहां यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है और पैदल चलने वाले लोगों को भी कठिनाई हो रही है। लोगों का मानना है कि पुलिस ने यदि बाजार में गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाई थी, तो पार्किंग की उचित व्यवस्था और पार्किंग स्थल पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित करनी चाहिए थी। इस व्यवस्था की कमी के कारण लोग अपनी गाड़ियाँ सुरक्षित स्थान पर खड़ी करने को लेकर चिंतित हैं, जिससे उनमें आक्रोश और असंतोष बढ़ रहा है।

शहरवासियों का कहना है कि ऐसे पर्वों के दौरान, जब बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है, प्रशासन को पार्किंग और यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाने चाहिए और पार्किंग के लिए समुचित स्थान निर्धारित होना चाहिए, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के पर्व की तैयारियों में जुट सकें।

इस असुविधा से नाराज स्थानीय लोग पुलिस की इस व्यवस्था से असंतुष्ट नजर आ रहे हैं और प्रशासन से उचित प्रबंध की मांग कर रहे हैं, ताकि पर्व का उल्लास बाधित न हो और लोग सहजता से अपनी खरीदारी कर सकें।

# शाहपुर पुल घंटों जाम, प्रशासन नदारद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक ओर चुनाव तो दूसरी ओर छठ महापर्व की तैयारियां, इसी बीच आज शाम 5 बजे चैनपुर से मेदिनीनगर जाने वाली मुख्य सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। इसके बावजूद, ट्रैफिक पुलिस या जिला पुलिस बल का कहीं भी नामोनिशान नहीं था। आम दिनों में जब किसी मंत्री या विधायक को इसी मार्ग से गुजरना होता है, तो पूरा जिला प्रशासन सड़कों पर सक्रिय नजर आता है। लेकिन छठ महापर्व के दिन केवल चौक-चौराहो पर कुछ ट्रैफिक कर्मी ही दिखे।

# लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने छठ व्रतियों को पूजन सामग्री का किया निःशुल्क वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब के सदस्यों ने अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के नेतृत्व में छठ व्रतियों को विभिन्न पूजन सामग्री का निःशुल्क वितरण किया।

मुख्य बाजार में लगाया गया स्टाल

पूजन सामग्री के वितरण के लिए लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने डाल्टनगंज के मुख्य बाजार में अनूप तिलकुट भंडार के पास एक स्टाल लगाया। यहां पर 1120 नारियल के साथ-साथ संतरा, केला, अगरबत्ती और अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया गया।

**क्लब के सदस्यों ने की भागीदारी :** कार्यक्रम की शुरूआत क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवेश सिद्धार्थ, डॉ. रवीश कुमार, डॉ. निशांत और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने छठ पूजा को एक महान पर्व बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला।



**छठ पूजा का महत्व :** डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा, 'छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। सूर्य शक्ति और सृष्टि के केंद्र हैं, और इस पर्व के माध्यम से हम सबके कल्याण की कामना करते हैं।' डॉ. रवीश कुमार ने कहा कि छठ आस्था का महापर्व है जिसमें शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने पूजन सामग्री वितरण में भागीदारी कर संतोष व्यक्त किया।

**कार्यक्रम में सदस्यों की सक्रियता :** इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप कुमार, मनोज कुमार सोनी, डॉ. निशांत, प्रियंका आनंद साहू, रितेश कुमार, ऋषिकेश दुबे, आमुख प्रियदर्शी, फिरोजुद्दीन अंसारी, परिमल प्रसून, नवीन पांडे, रोहित जैन, आनंद वर्धन, सचिव निलेश चंद्र और रणजीत मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# छठ व्रतियों के बीच सुखी आम की लकड़ी का वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेडमा, दो नंबर टाउन, टीवीएस शोरूम के पास स्थित जायसवाल टिंबर के नए परिसर में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने छठ व्रतियों के बीच सुखी आम की लकड़ी का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कौशल किशोर जायसवाल ने इस अवसर पर आम की लकड़ियों का महत्व बताते हुए कहा कि अगर अभी से लोग आम के पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाएंगे, तो एक समय ऐसा आएगा जब इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए आम की लकड़ी घी से भी महंगी हो जाएगी। उन्होंने



बताया कि हरा आम का पेड़ धरती को शुद्ध करता है, जबकि सूखा आम का पेड़ हवन के जरिए ब्रह्मांड तक प्रदूषण मुक्त करता है। जायसवाल टिंबर पिछले 30 वर्षों से दीपावली की सुबह से छठ पूजा तक हर साल दो से तीन ट्रक सुखी आम की लकड़ी शहरवासियों के लिए दान कर रहा है। इसके अलावा, वे अपनी जन्मभूमि छतरपुर के डाली बाजार गांव में पूजा सामग्री के साथ साड़ी-धोती का भी वितरण करते हैं।

जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार, जिला पार्षद अमित कुमार और मुखिया पूनम जायसवाल का मानना है कि हर वर्ग के लोग, विशेष रूप से गरीब तबके के लोग, छठ पूजा कर सकें और उन्हें लकड़ी महंगे दामों पर न खरीदनी पड़े। इसी उद्देश्य से अरुण कुमार जायसवाल और जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से सुखी आम की लकड़ी खरीदते हैं और छठ पूजा के दौरान इसे व्रतियों के बीच वितरित करते हैं।इस कार्यक्रम में बसंत सिंह, अनुज कुमार, गोपाल राम, मुनेश्वर मांझी, शमीम अंसारी, गोरख चौरसिया, संतोष मेहता, परमानंद मंडल, संतोष प्रजापति, और रामू कुमार का योगदान सराहनीय रहा। मौके पर मिठ्ठु सिंह, डॉ. शालीवाहन, आयुष, विकास, गौतम, पीयूष, अभिषेक, राजू खान समेत कई गणमान्य लोग और छठ व्रती उपस्थित थे।

# माता हीरामणी देवी निःशुल्क कावड़िया सेवा शिविर टीम को बिहार सरकार ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर की माता हीरामणी देवी निःशुल्क कावड़िया सेवा शिविर टीम को कावड़ियों के प्रति उनके निरंतर सेवाभाव के लिए सोमवार, 4 नवंबर 2024 को पटना में सम्मानित किया गया। यह टीम 1998 से लगातार बिहार के सुल्तानगंज से देवघर के रास्ते कावड़िया पथ पर कावड़ियों के लिए निःशुल्क सेवा प्रदान कर रही है।

सम्मान समारोह में बिहार सरकार के कई प्रमुख नेता उपस्थित थे, जिनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल थे। इन गणमान्य हस्तियों के हाथों टीम के



सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर माता हीरामणी सेवा टीम के सदस्यों में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। यह टीम देवघर के अलावा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ और अंबिकापुर में भी सेवा कार्य करती है। इसके साथ ही, पिछले पांच वर्षों से हर शनिवार को डाल्टनगंज में जरूरतमंदों को भोजन वितरण कर रही है। इस सम्मान से टीम का मनोबल और सेवा भाव बढ़ा है।

टीम ने इस विशेष सम्मान के लिए बिहार सरकार का आभार व्यक्त किया और अपनी ओर से धन्यवाद प्रकट किया है।

# छठ मईया के गीतों से गूंज उठा क्षेत्र, चारो ओर भक्ति का माहौल



छठ व्रती खरना पूजा कर प्रसाद ग्रहण करते।

### आस्था का महापर्व में डूबा जिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिला आस्था के महापर्व छठ के माहौल में डूब चुका है। हर ओर बस छठी मंईया के गीत आपको सुनाई देगी। व्रतियों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय के बानपुर, धर्मपुर स्थित पंप्पू कल, किनामाड़ और चटनाही स्थिति औरंगा नदी छठ घाट व्रतियों के स्वागत के लिए तैयार है। छठ महापर्व को लेकर समिति द्वारा घाट तक जाने के लिए सड़क बनाने से लेकर घाट की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सूर्य नारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी समिति के संरक्षक मंडली के शशिभूषण पांडेय ने कहा कि इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए गंगा आरती की व्यवस्था की गई है। रोड से लेकर घाट और बाईपास चौक से लेकर राजहार तक पूरे क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। विद्युत सज्जा यहां के देखने लायक होगी। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि व्रतियों के सुविधा के लिए इस बार भी एक से लेकर 50 तक छठ घाट का निर्माण कराया गया है। अर्घ्य के लिए दुध की व्यवस्था समिति द्वारा किया गया है। अभी तरह की व्यवस्था की गई है, ताकि व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। मौके पर महेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राजू यादव महामंत्री अनिल कुमार (पप्पू) मनीष दास धीरज कुमार, जय शंकर पासवान, सिद्धार्थ कुमार सिंह, शुभम कुमार गुप्ता, बिनोद प्रसाद (छोटू), टिंकू पांडेय, रिषभ राज आदि मौजूद थे।

## छठ के फल और प्रति किलो दर

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पानीफल** | 80 रु | **हलदी कच्चा** | 50 रु |
| **शरीफा** | 100 रु | **मोमफली** | 100 रु |
| **आंवला** | 100 रु | **सेब** | 100-150 रु |
| **शकरकंद** | 80 रु | **सेब पेटी** | 500-850 रु |
| **पनौरा** | 400 रु | **संतरा** | 60 रु |
| **कबरंगा** | 300 रु | **संतरा पेटी** | 250-400 रु |
| **मूली** | 80-100 रु | **अनानास** | 70 रु पीस |
| **डंभा** | 100 रु जोड़ा | **केला दर्जन** | 60 रु |
| **नारीयल सूखा** | 70-80 रु जोड़ा | **केला कांदी** | 500-800 रु |
| **गाजर** | 100 रु | **गन्ना** | 40-60 रु पीस |

## सज कर तैयार है छठ का बाजार

महापर्व छठ को लेकर लातेहार जिले के विभिन्न स्थानों पर छठ बाजार सज कर तैयार है। दुकानदारों द्वारा छठ को देखते हुए ज्यादा मात्रा में फल, सूप आदि की व्यवस्था की गई है, ताकि व्रतियों के लिए सभी सामान एक की स्थान पर उपलब्ध हो जाए। व्रतियों को अन्य दुकानों में जाने की आवश्यकता नहीं हो।

# सूर्य मंदिर छठ घाट छठ व्रतियों के लिए सज कर तैयार



### सेल्फी पॉइंट तो कही झारखंड की विभिन्न कलाकृति की बनी है झाकियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सूर्य मंदिर को आकर्षक तरीके से तरह से सजा दिया गया है। साथ ही छठ व्रतियों के लिए ब्लौक मोड़ से सूर्य मंदिर तक बहुत ही शानदार तरीके से सजाया गया है। आस्था का महापर्व छठ को लेकर प्रखंड मुख्यालय छठ व्रतियों के लिए पूरी तरह से तैयार है। प्रखंड मुख्यालय के लोटार डैम में स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। छठ पूजा समिति, भास्कर स्वालंबन क्लब तथा स्थानीय ग्रामीण व कलाकारों के सहयोग से सूर्य मंदिर सह छठ घाट परिसर को भव्य व आकषर्क तरीके से सजाया गया है। समिति ने यहां पहुंचने के लिए गिद्धौर ब्लॉक मोड़ में भव्य मुख्य द्वार के साथ अन्य छोटे-छोटे द्वार बनवाया गया है। कलाकारों ने आकर्षक लाइट व साज सज्जा से डेकोरेट किया है। यह काफी खूबसूरत है। ब्लॉक मोड़ से सूर्य मंदिर तक जगह-जगह सेल्फी पॉइंट तो कही झारखंड की विभिन्न कलाकृति की झलकियां प्रतिमा बना कर स्थापित किया गयस है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु व ग्रामीणों के लिए आकर्षक का केंद्र होगा। साथ ही लोटार डैम में सात घोड़े पर सवार भगवान सूर्य की प्रतिमा तैरती नजर आएगी। वहां पहुंचने वाले छठ व्रतियों का ख्याल रखते हुए सूर्य मंदिर तक कारपेट भी बिछाया गया है। इस संबंध में छठ पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने कहा ि डेकोरेशन लगभग 6 से 7 लाख रुपये की लागत आई है।

# नव युवक संघ छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के पिपराडिह गांव में बुधवार को लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा के व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। नव युवक संघ द्वारा प्रत्येक व्रतियों को सेव 2 पेटी, केला 2 कांधी, दूध10 लीटर, संतरा 4 किलो, सुधानी 250 ग्राम, नारियल 5 पीस, नारियल सूखा 1 पीस, गाजर 1 किलो, पानीफल 2 किलो, मूली 2 किलो, मोताबी 2 पीस, डाम्भा 2 पीस, कपूर 1 पैकेट, अनानास 4 पीस, अगरबती 1 पैकेट, गन्ना 7 पीस, शरीफा 600 ग्राम, शकरकंद 2 किलो, अदरक 500 ग्राम, .पंचमेवा 500 ग्राम, धूप2 पैकेट, आरत 5 पैकेट, माचिस 1 पैकेट, पानपता 25 पीस, कसैली 15 पीस, मौली धागा 2 पैकेट, सिंदूर 250 ग्राम, रोड़ी 1 पैकेट, चना 500 ग्राम, लौंग100 ग्राम, इलायची 25 ग्राम, घी 200 ग्राम, सूप 2 पीस दिया गया। इस संबंध में कमेटी सदस्य ध्रुव प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नव युवक संघ द्वारा छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया जाता है। संघ के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, सचिव शिव कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील प्रसाद, संयोजक उमेश प्रसाद एवं उपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि सामग्री संघ के सदस्यों द्वारा दिए गए चंदों से ही खरीदा जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शत्रुघ्न साव, लोकेश प्रसाद, प्रभात कुमार, दयानंद कुमार, विजय प्रसाद, अशोक साव, आनंद कुमार आदि का अहम योगदान रहा।

# पदाधिकारियों ने छठ घाटों का भ्रमण कर तैयारी का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**प्रतापपुर (चतरा)।** छठ महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड के विभिन्न छठ घाट का भ्रमण कर साफ-सफाई व सुरक्षा के साथ तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडू, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, अंचल पुलिस निरीक्षक अवेधश सिंह व थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने प्रखंड के प्रतापपुर, सुखनदिया छठ घाट, चौनपुर बधार, पांती, केवलिया, हुमाजांग आदि छठ घाट का भ्रमण कर साफ-सफाई, लाईट, सड़क समेत सुरक्षा का जायजा लिया। कमेटी के सदस्य से जानकारी लेकर कई निर्देश भी दिए। प्रतापपुर, बधार छठ पूजा कमेटी के सदस्यों द्वारा की गई साफ-सफाई एवं उत्तम व्यवस्था को लेकर उनके कार्योंकी सराहना भी की। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया की छठ महापर्व को लेकर सभी घाटों की व्यवस्था खासकर सड़क की व्यवस्था देखी जा रही है। जिससे व्रतियो के आने-जाने में परेशानी न हो। बताते चले की छठ महापर्व को देखते हुए गांव में कमिटी बनाकर घाटो की मरम्मती, साफ-सफाई व लाईट हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लगाई गयी है। भ्रमण में पदाधिकारियों के साथ हवलदार विनय कुमार सिंह, आईआरबी जवान प्रभात कुमार, होमगार्ड परशुराम पासवान सहित अन्य शामिल थे।

## छठ घाटों का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



**गिद्धौर (चतरा)।** थाना प्रभारी अमित कुमार ने बुधवार को प्रखंड़ के लगभग आधा दर्जन छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस क्रम में द्वारी, गंगापुर, सिंदूवारी, गिद्धौर सहित अन्य छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने समिति के सदस्यों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गहरे जलाशय वाले छठ घाट पर तैराक के साथ बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश दिया है। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# छठ पर्व पर भक्ति गीतों से गुंजयामान हुआ चंदवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर प्रखंड के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में छठी मईया के गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान बना हुआ है। फुटपाथ पर सूप, नारियल, फल और पूजा सामग्री से दुकानों में बुधवार को जमकर बिक्री हुई। मिट्टी से बने बर्तनों की दुकानें भी भीड़भाड़ देखने को मिली। पूजन सामग्री की खरीदारी में लोग जुट गए हैं। इन दुकानों पर छठ के नहाय-खाय के दिन से पूजा सामानों की बिक्री जमकर शुरू हो गई है। बुधवार को बाजारों में फल, नारियल और पूजा सामानों को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ी हुई थी। भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देने के लिए फल और नारियल खरीदने वालों की अधिक भीड़ रहेगी। यहां के बाजारों में दुकानदारों ने छठ की तैयारी की है। छठ पूजा के लिए विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा पूजा के सामान बाहर से मंगाए हैं, जिसे लागत मूल्य पर भक्तों को उपलब्ध कराए जा रहा हैं। सूप और दउरा की दुकानें भी सज चुकी है। छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण अंग सूप है। इसके बिना छठ पूजा की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसके साथ ही नारियल की बिक्री भी खूब होती है। लोग पूजा के लिए फल लोहंडा और पहली अर्घ्य के दिन खरीदते हैं। क्योंकि पहले से खरीदने से उसके खराब हो जाने का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही नारियल की दुकानें भी सजी है। इस तरह छठ पूजा को लेकर बाजारों में काफी भीड़ उमड़ रही है। छठ घाटों को विशेष रूप से सजाया गया है।घाटों में छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। छठ पूजा को लेकर प्रसाशन भी पूरी तरह से अलर्ट है।

## प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन



**सिमरिया (चतरा)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत 9 एवं 10 नवंबर को सिमरिया मे निर्वाचन मेला का आयोजन किया जा रहा है। दो दिनों के कार्यक्रम समय अवधि प्रतिदिन 9 बजे सुबह से 10 बजे रात तक होगी। जिसमें कई तरह के सिमित एवं खुली प्रतियोगिता करायी जाएगी। जिसमें पेंटिंग, निबंध लेखन, रंगोली, मेहंदी, कुकिंग कम्पटीशन के अलावे फुटबॉल मैच, क्रिकेट मैच, पतंगबाजी आदि प्रतियोगिता शामिल है। उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद एवं अंचलाधिकारी गौरव राय ने संयुक्त रुप से दी।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण



**चतरा।** सामान्य प्रेक्षक अमृतेश औरंगाबादकर ने चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुर प्रखंड के इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम और विभिन्न बूथ का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र के क्षेत्र पहुंच मतदाताओं से बातचीत कर मतदाता जागरूकता अभियान का रिव्यू लेते हुए मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया। जिससे कि इस चुनाव महापर्व को सफल बनाया जा सके। भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम की तैयारी सुनिश्चित करने और साथ ही साथ मतदान केंद्र में आवश्यक सुविधाएं भी ससमय बहाल कराने का निर्देश प्रेक्षक ने संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों को दिया।

# थाना प्रभारी ने सड़क किनारे बाइक खड़ी करने वालों को दी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक पर जहां-तहां और बेतरतीब ढंग से बाइक खड़ा करने वालों को थाना प्रभारी ने कड़ी चेतावनी दी है। बुधवार को एक तरफ विधान सभा चुनाव की तो, दूसरी तरफ आस्था का महापर्व छठ को लेकर बाजार में काफी भीड़ उमड़ पड़ी। वैसे में कई बाइक चालक अपने-अपने बाइक को जहां-तहां और जैसे-तैसे खड़ा कर खरीदारी कर रहे थे। वैसे में मुख्य चौक के साथ-साथ हजारीबाग चतरा भाया गिद्धौर कटकमसांडी मुख मार्ग में जाम लग गई, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। सूचना थाना प्रभारी को दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दलबल के साथ गिद्धौर मुख्य चौक के बाजार पहुंचे और जहां-तहां खड़ी बाइक को जब्त कर लिया। हालांकि गलती स्वीकार करने वाले चालकों को चेतावनी देते हुए बाइक छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी के इस कार्रवाई से मुख्य चौक बाजार के ग्रामीण काफी खुश थे। बाइक चालकों में हड़कंप मच गई। दूसरी तरफ विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रखंड के बलबल स्थित अंतर जिला चेक पोस्ट पर लगातार वाहनों की सघनता से जांच जारी है।

# तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पैनीकला पंचायत के धोबे गांव में तालाब में डूबने से तीन मासूम बच्चियों की मौत हो गई। मृतिकों में प्रमोद गंझू की 8 वर्षीय पुत्री कीर्ति कुमारी, मंगर गंझू की 10 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी एवं सरजू गंझू की 10 वर्षीय पुत्री बिपाशा कुमारी शामिल हैं। घटना बुधवार दोपहर तीन बजे की है। तीनों बच्चियां गांव के ही बड़का आहार में नहाने गई थी। आहार में ज्यादा पानी होने के कारण तीनों डूब गई, जिससे मौत हो गई। परिजनों को घटना से संबंधित जानकारी गांव के ही लोगों ने दिया। घटना से पल भर में गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना वशिष्ठ नगर थाने को देने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। घटना की सूचना पर मौके पर मुखिया बाबू नंद पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव पहुंचकर मृतक बच्चों के परिजनों को सांत्वना दिया और सरकारी सहायता राशि दिलाने की बात कही है।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सिमरिया-चतरा मुख्य मार्ग में अनुमंडल कार्यालय के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बुधवार की है।
घायलों को आसपास के लोगों ने आनन फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराये। घायल युवक की पहचान रवि कुमार और नितेश कुमार के रूप में हुई है। दोनों सिमरिया थाना क्षेत्र के बानासाड़ी व बन्हे गांव के रहने वाले हैं।

# गांव में बिजली नहीं, 16 साल से ग्रामीण सोलर प्लेट से बिजली जला रहें



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत चैनपुर पंचायत का ग्राम खपरताला ऐसा गांव है, जहां विद्युतीकरण के नाम पर वर्ष 2008 में बिजली पोल तो लगा दिया गया, लेकिन बिजली के तार अब-तक नहीं लगें। 16 साल से इस गांव के ग्रामीण सोलर प्लेट का इस्तेमाल कर मोबाइल चार्ज एवं लाईट जलाया करते है। गांव में आदिवासी, सरना, मुंडा समाज का कुल 96 घर है। दो सौ के करीब वोटर है। ग्रामीण कहतें हैं कि इस बार विधानसभा चुनाव में पूरा गांव एक विचार बनाकर मतदान करेगें। जो हमारी समस्या का हल करने का वादा करेगा, उसी को समर्थन देंगे। गांव के अमृत तिग्गा, ब्रजमोहन मुंडा, यूजीन, स्मिता चोरों, अनीता कुजूर, अनुरंजन तिर्की ने कहा कि कई बार इस समस्या को लेकर विधायक, मुखिया सहित प्रखंड और अनुमंडल कार्यालय में लिखित आवेदन दे चुकें है। बिजली विभाग को भी आवेदन दे चालू कराने का गुहार लगा चुके है। विद्युतीकरण के नाम पर बिजली पोल लगाकर सरकारी धन का पूरा दुरूपयोग कर ठेकेदार तो निकल गया। समस्या को लेकर जब भी बिजली विभाग के अधिकारी के पास जाते है, तो आवेदन लेकर हमेशा आश्वासन देते रहते है।

# पोलिंग बूथों पर समुचित व्यवस्था रखें : उपायुक्त

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों व मतदान दिवस की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की प्रशासनिक तैयारियों व विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था संधारण पर बिंदुवार विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिया गया। सर्वप्रथम मतदान केंद्रों, आईएसआर के तहत उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने बीडीओ से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रूकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की प्रखंडवार जानकारी ली। साथ ही सभी बीडीओ को सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, पर्याप्त रोशनी, बिजली, साइनेज, प्रवेश व निकास द्वार, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर आवश्यकता के अनुरुप पेयजल के लिए टैंकरों, पंखा, बिजली, एक्सटेंशन कोर्ड आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारियों एवं सभी बीडीओ को उक्त व्यवस्थाएं मतदान तिथि से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
कंबल व गद्दा का व्यवस्था कराने का निर्देश उपायुक्त ने मतदान केंद्रों, कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुसार ठंड के मौसम को देखते हुए कंबल, गदे की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्रों पर शेड की व्यवस्था तथा मतदाताओं के सुविधा के लिए बेंच, कुर्सी की व्यवस्था करने की बात कही, ताकि किसी भी मतदाता को असुविधा न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने 13 नवंबर को 74 लातेहार, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ सभी मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जायेगा। 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जायेगा। जिसके निमित्त सभी संबंधित पदाधिकारी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से थाना प्रभारी संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

